ज्योतिषी ने की भविष्यवाणी

# बेटे का स्वागत करेंगे रणवीर और दीपिका !



एक्टर रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण बहुत जल्द माता-पिता बनने वाले हैं। कपल इस साल सितंबर में अपने बच्चे का स्वागत कर सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पंडित जगन्नाथ गुरुजी, जो एक प्रसिद्ध सेलिब्रिटी ज्योतिषी और फेस रीडर हैं, उन्होंने भविष्यवाणी की है कि रणवीर और दीपिका एक लड़के का स्वागत करेंगे। इस ज्योतिषी ने पहले भी भविष्यवाणी की थी कि दीपिका 2024 में प्रेग्नेंट होंगी।

पंडित जगन्नाथ गुरुजी के अनुसार, यह बच्चा अपने माता-पिता के लिए राजकुमार होगा। उम्मीद है कि वह आकर्षण से भरपूर पैदा होगा और रणवीर और दीपिका के लिए अच्छी किस्मत लाएगा। बता दें रणवीर और दीपिका 6 साल से अधिक समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद नवंबर 2018 में शादी की थी। कपल ने कॉफी विद करण 8 में खुलासा किया था कि वे 2015 में गुपचुप तरीके से सगाई कर चुके थे।

# कॉमेडी फिल्मों में दोस्ती दिखाए जाने पर वरुण का बयान

वरुण शर्मा अपनी कॉमेडी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने फिल्मों में लगातार हास्य किरदार निभाए हैं, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद भी किया है। उन्हें फुकरे फ्रेंचाइजी और छिछोरे जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हाल में ही उन्होंने कॉमेडी फिल्मों में किरदारों की दोस्ती दिखाए जाने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि दोस्ती कॉमिडी फिल्मों के लिए काफी सामान्य सी आवश्यकता है, क्योंकि यह सबसे मजबूत भावनाओं में से एक है, जिसे कोई भी इंसान अनुभव कर सकता है। वरुण ने आगे कहा कि दोस्ती वाली फिल्में काफी आकर्षक होती है। यह हमारी जिंदगी की सबसे मजबूत भावनाओं में से एक है। यह प्यार की भावना से भी ज्यादा मजबूत भावना होती है। उन्होंने आगे कहा, साल 2011 प्यार का पंचनामा में दोस्ती का एक नया नजरिया दिखाया गया था।





# इन सितारों को भरना पड़ा प्यार का जुर्माना

दांव पर लग गया था करियर

**मनोरंजन** जगत के सितारे अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोरते हैं। फैंस अपने पसंदीदा सितारे की हर एक एक्टिविटी पर नजरें गड़ाए रखते हैं। फिल्मों के साथ-साथ सेलेब्स के लिंकअप और ब्रेकअप की खबरें भी समय-समय पर हेडलाइंस का हिस्सा बनती हैं। हालांकि, कुछ सितारों को प्यार करना काफी भारी पड़ा है। मनोरंजन जगत की कुछ नामचीन हस्तियां ऐसी भी हैं, जिन्हें प्यार करने का बड़ा जुर्माना भरना पड़ा है। आइए इन सितारों की सूची पर एक नजर डाल लेते हैं-

### विवेक ओबेरॉय



सलमान खान और विवेक ओबेरॉय के बीच की तकरार आज भी लोगों को याद है। दोनों के बीच हुए विवाद की जड़ ऐश्वर्या राय थीं, जिनकी वजह से सलमान और विवेक आपस में भिड़ गए थे। यह बात है साल 1999 की, जब सलमान खान और ऐश्वर्या राय हम दिल दे चुके सनम में साथ नजर आए थे। दोनों की केमिस्ट्री न सिर्फ फिल्म में बल्कि रियल लाइफ में भी काफी बढ़िया थी। फिल्म की शूटिंग के दौरान ही दोनों को प्यार हो गया, लेकिन यह रिश्ता ज्यादा दिन तक नहीं चल पाया और उनका ब्रेकअप हो गया। उस दौरान ऐश्वर्या ने सलमान पर मारपीट करने का आरोप भी लगाया था। इतना ही नहीं कहा जाता है कि सलमान ने ऐश्वर्या की फिल्म के सेट पर पहुंचकर खूब बवाल भी किया था, जिसके बाद अभिनेत्री को फिल्म ही छोड़नी पड़ गई थी। सलमान से ब्रेकअप के बाद ऐश्वर्या की विवेक ओबेरॉय संग नजदीकियां बढ़ीं। ये बात सलमान को रास नहीं आई, और नतीजा यह रहा कि विवेक ओबेरॉय को काम मिलना बंद हो गया।

### सूरज पंचोली



सूरज पंचोली भी प्यार कर पछता चुके हैं। अभिनेता पर गर्लफ्रेंड और अभिनेत्री जिया खान को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा था। हालांकि, 10 साल बाद उनके ऊपर से यह इल्जाम हट गया। वहीं, इस इल्जाम की वजह से सूरज पंचोली को काम मिलना बंद हो गया था, जिस पर बात करते हुए सूरज और उनकी मां दोनों बेहद भावुक हो गए थे।

### मोनिका बेदी



मोनिका बेदी कभी बॉलीवुड की बड़ी हीरोइन हुआ करती थीं। उनकी फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत और जोड़ी नंबर 1 बड़ी हिट थीं। मोनिका ने कुछ टीवी शो में भी काम किया। साथ ही मोनिका बिग बॉस 2 में भी नजर आ चुकी हैं। मोनिका का करियर ऊंचाइयों पर था लेकिन तभी उनका नाम अंडर वर्ल्ड डॉन से जुड़ गया। मोनिका बेदी का नाम अंडरवर्ल्ड डॉन अबु सलेम से जुड़ा था। अबु सलेम 1993 के मुंबई में हुए बम ब्लास्ट का दोषी है। अबु सलेम से नाम जुड़ने के बाद मोनिका बेदी का फिल्मी करियर खत्म हो गया।

### रिया चक्रवर्ती



रिया चक्रवर्ती को भी प्यार करना भारी पड़ा। रिया के एक्स बॉयफ्रेंड और अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने साल 2020 में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अभिनेता के आत्महत्या करने के बाद अभिनेत्री पर कई गंभीर आरोप लगे। आरोपों के कारण रिया चक्रवर्ती को काम मिलना कम हो गया, और वह धीरे-धीरे पर्दे से गायब हो गईं।

### मंदाकिनी



राम तेरी गंगा मैली फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अभिनेत्री मंदाकिनी पर्दे पर आते ही लोगों के दिलों पर छा गई थीं। बला की खूबसूरत इस हीरोइन ने अपनी सुंदरता और अभिनय से सभी के दिल में जगह बना ली थी। इस फिल्म के जरिए वह रातोंरात मशहूर हो गई थीं। उनकी सुंदरता के चर्चे दूर-दूर तक थे। सभी निर्माता और निर्देशक उनको अपनी फिल्म में कास्ट करना चाहते थे। मंदाकिनी की खूबसूरती का आलम ये था कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम भी उनपर फिदा हो गया था। हालांकि, दाऊद के साथ नाम जुड़ना मंदाकिनी के लिए अभिशाप साबित हुआ। अभिनेत्री को काम मिलना कम होता गया, और वह धीरे-धीरे पर्दे से दूर हो गईं।

# गद्दार का बेटा कहे जाने पर तिलमिलाए जावेद अख्तर

मशहूर लेखक और गीतकार जावेद अख्तर अक्सर अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते है और हमेशा बड़ी बेबाकी के साथ अपनी बात लोगों के बीच रखते हैं। अब हाल ही में गीतकार ने खुद को गद्दार का बेटा कहे जाने पर सोशल मीडिया यूजर की फटकार लगाई। इसे लेकर एक बार फिर जावेद सुर्खियों में आ गए हैं। दरअसल, एक्स पर एक यूजर ने जावेद अख्तर पर निशाना साधते हुए कहा, आपके पिता ने पाकिस्तान को सिर्फ मुसलमानों के लिए एक राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, फिर प्रगतिशील लेखक की आड़ में उन्होंने भारत में रहना चुना। आप गद्दार के बेटे हैं जिसने धर्म के आधार पर हमारे देश का विभाजन किया, अब आप कुछ भी कहें लेकिन ये सच है। यूजर की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए जावेद अख्तर ने लिखा, यह तय करना मुश्किल है कि आप अज्ञानी हैं या पूर्ण मूर्ख हैं। 1857 से मेरा परिवार स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल रहा है और जेल और काला पानी की सजा काट चुका है। जब संभवतः आपके बाप दादा अंग्रेज सरकार के जूते चाट रहे थे। बता दें, यूजर और जावेद अख्तर के बीच यह बहस गीतकार के उस ट्वीट के बाद हुई, जिसमें उन्होंने अपनी तुलना अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन से की थी। उन्होंने लिखा था, मैं एक गौरवान्वित भारतीय नागरिक हूं और अपनी आखिरी सांस तक ऐसा ही रहूंगा, लेकिन मेरे और जो बिडेन के बीच एक सामान्य तथ्य है। हम दोनों के पास संयुक्त राज्य अमेरिका का अगला राष्टपति बनने की बिल्कुल समान संभावना है।



# धक धक की असफलता पर सह निर्माताओं पर साधा निशाना

तापसी पन्नू अपनी बोल्ड फिल्म विकल्पों के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में फिल्म धक धक के लिए एक निर्माता के रूप में अपनी यात्रा साझा की। 2022 में हॉरर थ्रिलर ब्लर के साथ एक निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत के बाद, पन्नू ने 2023 में तरुण डुडेजा द्वारा निर्देशित धक धक के साथ एक बड़े प्रोजेक्ट में कदम रखा। हालांकि, अभिनेत्री ने इस फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसके कारण वह जबर्दस्त सुर्खियां बटोर रही हैं। एक हालिया इंटरव्यू में तापसी पन्नू ने फिल्म धक धक के प्रदर्शन और उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, यह बहुत हृदयविदारक था। मैं वैकल्पिक करियर बनाने के लिए निर्माता नहीं बनी। मैं एक अभिनेत्री के रूप में बहुत अच्छा कर रही थी। पन्नू ने इस बात पर जोर दिया कि वह ऐसी फिल्में बनाना चाहती थीं जिनका वह सक्रिय रूप से हिस्सा नहीं थीं।

धक धक उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तापसी पन्नू ने सुझाव दिया कि धक धक के सह-निर्माताओं ने फिल्म का पूरा समर्थन नहीं किया। उन्होंने प्रमोशन और पर्याप्त नाटकीय रिलीज में निवेश की कमी पर निराशा व्यक्त की। अभिनेत्री ने अपनी बात में जोड़ा, अगर यह बड़े बजट की फिल्म नहीं है, तो स्टूडियो फिल्म के सिनेमाघरों में आने से पहले पैसा वसूल लेते हैं। अब जब उन्होंने अपना पैसा कमा लिया है, तो वे केवल एक सांकेतिक रिलीज करते हैं। वे प्रिंट और विज्ञापन पर भी खर्च नहीं करना चाहते। प्रदर्शकों का मानना है कि चूंकि यह कोई सामूहिक मसाला फिल्म नहीं है, तो बिजली और पॉपकॉर्न पर खर्च क्यों करें? इसलिए वे हमें अजीब शो, थिएटर आदि देते हैं। फिर इसे सप्ताह के मध्य में अचानक हटा दिया जाता है।

तापसी यहीं नहीं रुकीं और आगे कहा, उस समय मैं बहुत निराश हो गई थी। हमने फिल्म का ट्रेलर आने के चार से पांच दिन बाद फिल्म दिखाना शुरू किया। लोग हमारे पास आने लगे और कहने लगे कि वे इसे बढ़ावा देने में मदद करेंगे। लेकिन मेरे पास अभी भी निर्माता और सह-निर्माता के रूप में मेरे बगल में खड़े लोग नहीं थे जो कहते हों कि हम जितना कर सकते थे हमने उतना किया और बाकी दर्शकों पर छोड़ दिया। पन्नू के अनुसार, इस दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप फिल्म को सीमित और असुविधाजनक शोटाइम मिले, अंततः समय से पहले ही इसे सिनेमाघरों से हटा लिया गया। धक धक जो अक्तूबर 2023 में स्क्रीन पर आई, दर्शकों को आकर्षित करने के लिए संघर्ष करती दिखी। धक धक एक अनोखा रोड एडवेंचर ड्रामा है जिसमें रत्ना पाठक शाह, दीया मिर्जा, फातिमा सना शेख और संजना सांघी सहित शानदार महिला कलाकार शामिल हैं।

# दुबई में पलक तिवारी का कातिलाना अवतार



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी भी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख चुकी है. उन्होंने बीते सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से डेब्यू किया था .हालांकि मूवी पर्दे पर ज्यादा कमाल नहीं कर पाई लेकिन पलक ने अच्छा काम किया था . इन दिनों पलक अपनी लेटेस्ट फोटोज को लेकर चर्चा में है. पलक प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती है. एक्ट्रेस का नाम काफी वक्त से सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान से जुड़ रहा है.

पलक सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन फोटोज शेयर करती हैं. इन दिनों अभिनेत्री दुबई में वेकेशन मना रही हैं, जिसकी एक झलक उन्होंने इंस्टा पर शेयर की है. श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी को फैंस देसी काइली जेनर भी कहते हैं.पलक तिवारी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी वेकेशन की फोटोज साझा की है, जिसमें वो हमेशा की तरह ही काफी गॉर्जियस नजर आ रही है. काफी समय खबर है कि पलक तिवारी और इब्राहिम अली खान को डेट कर रही है. हाल ही में एक्ट्रेस को इब्राहिम के घर से बाहर निकलते देखा गया था.

बुरे दौर से गुजर रहा है

## हिन्दी सिनेमाः करण



बॉलीवुड पिछले कुछ सालों से बुरे दौर से गुजर रहा है। बड़े से बड़े सुपरस्टार और बजट की फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरने से नहीं रुक रही है। ऐसे में फिल्म मेकर करण जौहर ने इस मामले पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा है कि इंडस्ट्री में गिने-चुने ही ढंग के अभिनेता हैं। इसके अलावा उन्होंने दावा किया है कि दर्शकों का टेस्ट अब बदल गया है।

फेय डिसूजा के यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में हिंदी फिल्मों की बुरी हालत पर करण जौहर ने अपना रिएक्शन दिया। उन्होंने कहा- सबसे पहले तो दर्शकों का टेस्ट बहुत लिमिटेड हो गया है। वे एक खास तरह का सिनेमा चाहते हैं और अगर आप एक लिमिटेड नंबर में काम करना चाहते हैं, तो आपकी फिल्म को ए, बी और सी सेंटर पर परफॉर्म करना होगा। सिर्फ मल्टीप्लेक्स काफी नहीं होंगे।

# इन फिल्मों में रितेश करते हैं बिना पैसों के काम



**रितेश** देशमुख हिंदी और मराठी फिल्मों के जाने-माने कलाकार हैं। बॉलीवुड फिल्मों में वह ज्यादातर बार कॉमेडी करते दिखे हैं, जिसमें उन्हें काफी पसंद भी किया गया है। हालांकि, फिल्म एक विलेन में उनके खलनायक वाले अवतार ने लोगों को काफी प्रभावित किया था। अब एक बार फिर वह दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। इस वक्त वह अपनी पहली ओटीटी सीरीज पिल को लेकर व्यस्त हैं। उनकी यह सीरीज रिलीज को तैयार है। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अभिनेताओं की फीस को लेकर बात की है।

रितेश जल्द ही ओटीटी डेब्यू करने वाले हैं। वह जियो सिनेमा पर प्रसारित होने वाले सीरीज पिल में एक मेडिकल ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे। इस सीरीज का प्रीमियर बहुत जल्द होने वाला है। इसी सीरीज के प्रमोशन के दौरान उन्होंने पीटीआई से बात की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभिनेता की फीस बढ़ने से फिल्म पर बोझ बढ़ता है। एक फिल्म निर्माता होने के तौर उन्होंने कहा कि जब वह खुद को कास्ट करते हैं, तो वह एक पैसा भी फीस के तौर पर नहीं लेते। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि अभिनेता को किसी फिल्म पर अपनी फीस का बोझ नहीं डालना चाहिए, क्योंकि फिल्म का बेहतर बनना जरूरी है, अगर फिल्म बेहतर बनी रहती है, तब ही सभी बेहतर बने रहेंगे।

पिल के डायरेक्टर राजकुमार गुप्ता और प्रोड्यूसर रोनी स्क्रूवाला ने भी रितेश से सहमत दिखे। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि पैसे का सही जगह पर उपयोग करना चाहिए। इसके लिए स्टूडियो या निर्माता के तरफ से पारदर्शिता भी बनाए रखना चाहिए।

-साभार एजेंसी

